दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 19 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय आज राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से पटना में पूछताछ करेगा।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरटीई के तहत कमजोर वर्ग के बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

03. एनएचएआई ने पटना–पूर्णिया एक्सप्रेस–वे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी की। छह जिलों के उनतीस प्रखंडों के दो हजार पचास से अधिक गांवों में भूमि अधिग्रहित की जाएगी।

04. और, नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और क्रू–नाईन के अन्य सदस्य नौ महीने अंतरिक्ष में फंसे रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे।

————————————————————————

नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय आज राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से पटना में पूछताछ करेगा। जांच एजेंसी ने इस संबंध में उन्हें समन जारी किया है। गौरतलब है कि कल इस मामले में लालू प्रसाद की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके बेटे तेज प्रताप यादव से पूछताछ की गयी थी।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि शिक्षा का अधिकार कानून, आरटीई के तहत तय सीटों पर कमजोर वर्ग के बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित होना चाहिए। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान श्री कुमार ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने शिक्षा मंत्री और विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। श्री कुमार ने राजद के ललित कुमार यादव के सवाल पर हस्तक्षेप करते हुये कहा कि सरकार निजी विद्यालयों में आरटीई के अनुरूप निचली कक्षा में तय सीटों पर कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है।

———बाईट———

————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के शिक्षकों को सात दिनों के भीतर वेतन भुगतान कर दिया जाएगा। विधान परिषद में शून्यकाल के बाद कई सदस्यों द्वारा शिक्षकों को चार माह से वेतन भुगतान नहीं होने का मामला उठाये जाने के बाद उप मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की।

————————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई ने पटना–पूर्णिया एक्सप्रेस–वे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार एक्सप्रेस–वे के लिए छह जिलों के उनतीस प्रखंडों में दो हजार पचास से अधिक गांवों में भूमि अधिग्रहित की जाएगी। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि छह महीने के भीतर निविदा जारी कर एक्सप्रेस–वे का निर्माण शुरू करने का लक्ष्य है। छह–लेन चौड़े इस एक्सप्रेसवे की अनुमानित लागत अठारह हजार करोड़ रूपये से अधिक है। तीन साल के भीतर इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगभग दो सौ बयासी किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस–वे वैशाली के मीरनगर से शुरू होकर समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा और मधेपुरा जिले से गुजरते हुए पूर्णिया के चंद भट्वी तक जाएगा।

———————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बेगूसराय स्थित क्षेत्रीय मक्का अनुसंधान केन्द्र का स्थानांतरण नहीं होगा। श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से बातचीत की है। कृषि मंत्री ने इस संबंध में जारी आदेश को निरस्त करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को लेकर लगातार भ्रम फैला रहा है। गौरतलब है कि कृषि मंत्रालय ने क्षेत्रीय मक्का अनुसंधान केन्द्र, बेगूसराय को कर्नाटक के शिवमोगा में स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया है।

———————————————————————————

जल संसाधन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करवाई जायेगी। विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने इस संबंध में सभी मुख्य अभियंताओं को पत्र जारी किया है। साथ ही उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को विभागीय अधिकारियों की ओर से अतिक्रमणकारियों पर दर्ज कराई जाने वाली प्राथमिकी पर अविलंब विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि महिलाओं को गलत बातों का प्रतिकार करना चाहिए। श्री कुमार पटना के पुलिस मुख्यालय में महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा और सम्मान विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अश्लीलता किसी भी रूप में माफी योग्य नहीं है। श्री कुमार ने कहा कि बिहार में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

राज्य को ऊर्जा और कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। एक मीडिया हाउस द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में देश में सबसे अधिक स्मार्ट बिजली मीटर लगाने पर राज्य की बिजली कंपनी को स्वर्ण पुरस्कार प्रदान किया गया। ऊर्जा सचिव सह बिजली कंपनी के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। वहीं, कृषि और किसान सशक्तीकरण के लिए सूचना प्रावैधिकी पहल श्रेणी में बिहार कृषि एप को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अमेरिका स्थित हार्वर्ड केनेडी स्कूल के कानून और नीति छात्र समूह तथा भारतीय छात्र समुदाय की ओर से आयोजित ऑनलाइन चर्चा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह ऑनलाइन चर्चा अप्रैल में आगामी दस वर्षों के लिए बिहार का विजन शिक्षित, समृद्ध और सक्षम विषय पर आयोजित होगी।

---

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर आज सुबह स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर धरती पर वापस आ गए हैं। उनके स्पेसएक्स कैप्सूल ने पैराशूट से मेक्सिको की खाड़ी के लिए उड़ान भरी। फ्लोरिडा पैनहैंडल में तल्हासी के तट पर स्पलैशडाउन हुआ, जिससे दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की नौ महीने की कठिन परीक्षा समाप्त हो गई।

———बाईट———

इसके साथ ही अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसएक्स के क्रू–9 के साथ नासा के निक हेग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव के साथ अपनी यात्रा पूरी की। विल्मोर और विलियम्स पिछले साल जून से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर थे। दोनों ने अंतरिक्ष में दो सौ छियासी दिन बिताए जो अनुमान से दो सौ अठहत्तर दिन अधिक है।

---

औरंगाबाद के कुटुम्बा से विधायक राजेश कुमार प्रदेश कांग्रेस के नये अध्यक्ष बनाये गये हैं। उन्हें अखिलेश प्रसाद सिंह की जगह नया अध्यक्ष बनाया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुये इस फेरबदल को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजेश कुमार दस वर्षों से कांग्रेस में अनूसूचित जाति और जन जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष दो हजार पन्द्रह और दो हजार बीस के विधानसभा चुनाव में लगातार जीत हासिल की थी।

---

भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव को लेकर अभियान गीत जारी किया है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया पर 'चमके बिहार–गमके बिहार, अमृतकाल में दमके बिहार' नाम से यह गीत जारी किया है। इस वीडियो में पार्टी ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों और केंद्र की योजनाओं को विस्तार से दिखाया है।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कल से तेईस मार्च के बीच बारिश की सम्भावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका है। बारिश की सम्भावना को देखते हुये किसानों को अपने कटे तथा खुले स्थान में रखे फसल के सुरक्षित भंडारण की सलाह दी गयी है।

———————————————————————————

नवादा जिले के वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक अरूणा देवी के पति अखिलेश सिंह पर एक महिला से अभद्र व्यवहार करने और उसे जान से मारने की धमकी देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। साथ ही विधायक के सरकारी अंगरक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थाना में पदस्थापित एएसआई राजीव कुमार मल्ल की मौत के मामले में फुलकाहा थानाध्यक्ष रौनक कुमार को निलंबित कर दिया गया है। डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल ने बताया कि जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आयी है कि थानाध्यक्ष की लापरवाही के कारण एएसआई की मौत हुई।

———————————————————————————

समाज कल्याण विभाग ने बेगूसराय की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुगंधा शर्मा को निलंबित कर दिया है। निलंबित पदाधिकारी के खिलाफ आंगनबाड़ी सेविकाओं की चल रही हड़ताल को जारी रखने और इसे वापस नहीं लेने का दबाव बनाने संबंधी बातचीत करने का आरोप है।

———————————————————————————

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के अशोक नगर में अपराधियों ने एक व्यक्ति से एक करोड़ रूपये लूट लिये। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुये एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के कासिम बाजार थाना क्षेत्र के शक्तिनगर बिंदवारा नया टोला में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से निर्मित

–अर्धनिर्मित हथियार के साथ हथियार बनाने के उपकरण और तीस कार्टन शराब बरामद की गयी है। फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य में शिक्षकों के चौथे चरण की बहाली प्रक्रिया मई से शुरू होगी।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– आरटीई नहीं मानने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई।

प्रभात खबर ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके पुत्र तेज प्रताप यादव से ईडी की पूछताछ को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– आसमा से उतरी दुआ, सुनीता की ऐतिहासिक सुबह।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– कम गम्भीर मामलों में जमानत नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट ने जतायी चिंता। आज अखबार की सुर्खी है– विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बदला प्रदेश अध्यक्ष।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय आज राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से पटना में पूछताछ करेगा।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरटीई के तहत कमजोर वर्ग के बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

03. एनएचएआई ने पटना–पूर्णिया एक्सप्रेस–वे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी की। छह जिलों के उनतीस प्रखंडों के दो हजार पचास से अधिक गांवों में भूमि अधिग्रहित की जाएगी।

04. और, नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और क्रू–नाईन के अन्य सदस्य नौ महीने अंतरिक्ष में फंसे रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।